# यूपीसीडा के सीईओ ने पीलीभीत में औद्योगिक क्षेत्र का किया निरीक्षण

## विकास कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा, 1400 करोड़ की एबी मौरी फैक्ट्री का भी दौरा

पीलीभीत। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ने रविवार को पीलीभीत स्थित औद्योगिक क्षेत्र भरापचपेड़ा का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान प्राधिकरण द्वारा कराए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और समयबद्धता की गहन समीक्षा की।

सीईओ ने औद्योगिक क्षेत्र में सड़कों, नालियों, जल निकासी व्यवस्था और अन्य आधारभूत संरचनाओं का अवलोकन किया। साथ ही निर्माण कार्यों की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित हो रही 1400 करोड़ रुपये की एबी मौरी फैक्ट्री का भी दौरा किया और वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रस्तावित उद्घाटन के लिए मुख्यमंत्री के संभावित आगमन की तैयारियों की भी समीक्षा की गई।

सीईओ ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों का समुचित विकास प्रदेश में निवेश बढ़ाने के लिए आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग कर समयबद्ध रूप से पूरा कराया जाए, जिससे उद्योगों को बढ़ावा मिले और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ें। ब्यूरो